1.

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए। (7)

जीवन में सफल वही होता है, जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है। चुनाव करने में तनिक भी भूल चूक होने से हानि सुनिश्चित होती है। कुछ चुनाव हमारे वश में नहीं होते; जैसे- माता-पिता का जन्म-मृत्यु का आदि, किंतु कुछ चुनाव हमारे वश में होते हैं, जिन पर हमारी सफलता-असफलता निर्भर करती है; जैसे-अच्छी-बुरी संगति का चुनाव, आलस्य और परिश्रम का चुनाव आदि । संगति का चुनाव इन सब चुनावों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होता है, क्योंकि इस चुनाव पर हमारा आचरण, कर्म, विचार, भाषा, स्तर, मनुष्यता और हमारी सफलता-असफलता निर्भर करती है। मनुष्य का चित्त बुराइयों और बुरे लोगों की ओर जल्दी आकृष्ट होता है। जिस तरह पानी सदा नीचे की ओर जाता है, उसी तरह मनुष्य का मन भी बुराइयों की ओर शीघ्र भागता है। जिस प्रकार ऊँचाई तक जाने में कष्ट उठाना पड़ता है, उसी प्रकार अच्छाई की ओर जाने में परिश्रम करना पड़ता है। हम विवेक से काम लेकर अच्छे और बुरे का चुनाव कर सकते हैं और इसी विवेक के आधार पर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि संगति मनुष्य को सद्मार्ग की ओर अग्रसर करती है।

संगति व्यक्ति को उच्च सामाजिक स्तर प्रदान करती है, विकास के लिए सुमार्ग की ओर प्रेरित करती है, बड़ी से बड़ी कठिनाइयों का सफलतापूर्वक सामना करने की शक्ति प्रदान करती है और सबसे बढ़कर व्यक्ति को स्वाभिमान प्रदान करती है। संगति के प्रभाव से पापी पुण्यात्मा और दुराचारी हो जाते हैं। ऋषियों की संगति के प्रभाव से ही वाल्मीकि जैसे भयानक डाकू महान कवि बन गए तथा अंगुलिमाल ने महात्मा बुद्ध की संगति में आने से हत्या, लूटपाट के कार्य को छोड़कर सदाचार के मार्ग को अपनाया। संगति एक प्राण वायु है, जिसके संसर्ग मात्र से मनुष्य सदाचरण का पालन करने वाला तथा दयावान, विनम्र, परोपकारी एवं ज्ञानवान बन जाता है

कथन (A) – कारण (R) आधारित MCQ प्रश्न

प्रश्न 1.

कथन (A): जीवन में सफलता के लिए उचित चुनाव करना आवश्यक है।

कारण (R): कुछ चुनाव ऐसे होते हैं जिन पर हमारी सफलता और असफलता निर्भर करती है।

(क) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(ख) A और R दोनों सत्य हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) A सत्य है, किंतु R असत्य है।

(घ) A असत्य है, किंतु R सत्य है।

प्रश्न 2.

कथन (A): अच्छी संगति का चुनाव जीवन के सबसे महत्त्वपूर्ण चुनावों में से एक है।

कारण (R): संगति का प्रभाव केवल व्यक्ति की भाषा पर पड़ता है।

(क) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(ख) A और R दोनों सत्य हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) A सत्य है, किंतु R असत्य है।

(घ) A असत्य है, किंतु R सत्य है।

प्रश्न 3.

कथन (A): मनुष्य का मन बुराइयों की ओर शीघ्र आकर्षित होता है।

कारण (R): जैसे पानी सदैव नीचे की ओर बहता है, वैसे ही मनुष्य का मन भी बुराइयों की ओर जल्दी जाता है।

(क) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(ख) A और R दोनों सत्य हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) A सत्य है, किंतु R असत्य है।

(घ) A असत्य है, किंतु R सत्य है।

प्रश्न 4.

कथन (A): अच्छी संगति व्यक्ति को कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति प्रदान करती है।

कारण (R): संगति व्यक्ति को विकास के लिए सुमार्ग की ओर प्रेरित करती है।

(क) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(ख) A और R दोनों सत्य हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) A सत्य है, किंतु R असत्य है।

(घ) A असत्य है, किंतु R सत्य है।

प्रश्न 5.

कथन (A): संगति के प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है।

कारण (R): वाल्मीकि और अंगुलिमाल ने श्रेष्ठ संगति के प्रभाव से सदाचार का मार्ग अपनाया।

(क) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(ख) A और R दोनों सत्य हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) A सत्य है, किंतु R असत्य है।

(घ) A असत्य है, किंतु R सत्य है।